हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, गुरुवार, 27 नवंबर, 2025

तापमान
अधिकतम 27.1 डिग्री
न्यूनतम 5.5 डिग्री

11 नए श्रम कानून मजदूरों के हितों पर चोट आंदोलनों...

12 सीआरए कॉलेज में छात्रों ने ली जन जागरुकता...


## खबर संक्षेप

### प्रेम नपा कर्मचारी संघ गोहाना के अध्यक्ष बने

**गोहाना।** नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा द्वारा बुधवार को गोहाना इकाई की कार्यकारिणी गठित की गई। कार्यकारिणी का गठन संघ की राज्य इकाई के महासचिव मांगे तिगरा, प्रेस सचिव राजीव अत्री और जिलाध्यक्ष राजा भाई के मार्गदर्शन में किया गया। गोहाना इकाई की कार्यकारिणी में प्रेम सिंह को अध्यक्ष, बीरमति को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सीमा को उपाध्यक्ष, सुन्दर को सचिव, रिंकू को सह सचिव, नन्ही देवी को कोषाध्यक्ष, जितेन्द्र को प्रेस सचिव, महेंद्र को सलाहकार, जयंती को लेखा परीक्षक, दिनेश व राजे को सदस्य नियुक्त किया गया। संघ की प्रदेश व जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ने गोहाना इकाई के नवनियुक्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाते हुए ईमानदारी एवं निष्ठा से काम करने के लिए प्रेरित किया।

### गोहानाः गांव गामड़ी के किसान का धान चोरी

**गोहाना।** गांव गामड़ी के किसान धर्मपाल का धान चोरी कर लिया गया। उसने खेत से धान की फसल निकालने के बाद प्लाट में धान रखा हुआ था। किसान की शिकायत पर सदर थाना में केस दर्ज किया गया। धर्मपाल ने बताया कि उसने धान को अपने प्लाट रखा था। रविवार को वह प्लाट में गया तो धान सुरक्षित था और वह तिरपाल ढक कर घर आ गया था। अगले दिन सुबह प्लाट में गया तो धन से भरे छह कट्टे नहीं मिले। उसने अपने स्तर पर चोरों की तलाश की और सुराग न लगने पर पुलिस को शिकायत दी।

### घर से सोने-चांदी के जेवर व नकदी साफ

**गन्नौर।** गांव गुमड़ में देर रात चोरों ने एक ही परिवार के दो घरों को निशाना बनाते हुए लाखों के जेवरात व नकदी पार कर ली। पीड़ति ने मामले की शिकायत थाना गन्नौर में दी। गांव गुमड़ निवासी मोनू ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 25 नवंबर की रात लगभग 1 बजे से 4 बजे के बीच चोर उनके घर में घुस गए और अलमारी में रखे सोने-चांदी के आभूषण सहित करीब 30 हजार रुपये नकद चोरी कर ले गए। मोनू के अनुसार चोर 6 सोने की अंगूठियां, सोने के झुमके, एक सोने का मंगलसूत्र, चांदी का रानी हार, चांदी की कमरबंद, 2 जोड़ी पायल और 4 जोड़ी चंदी की चुटकी गायब हैं। इसके अलावा चोर साथ वाले घर से उनके भतीजे का मोबाइल फोन भी चोरी कर ले गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। पीड़ति ने चोरी में शामिल अज्ञात आरोपियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

## सुरक्षा दांव पर : कंडम स्टेडियम में अभ्यास को मजबूर खिलाड़ी

# रोहतक हादसे के बाद भी प्रशासन मौन, जर्जर सुविधाओं से खिलाड़ियों की जिंदगी दांव पर

सुभाष स्टेडियम और सेक्टर-4 स्टेडियम की बदहाल स्थिति, खिलाड़ियों का भविष्य संकट में

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

मैदान के साथ में टूटा हुआ रास्ता।


स्टेडियम में बनाए गए टैंक का ढक्कन गायब।





रोहतक में मंगलवार को बास्केटबॉल खिलाड़ी की हादसे में हुई मौत ने खेल सुविधाओं की बदहाली और प्रशासनिक अनदेखी पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। इस दुखद घटना के बीच, शहर के प्रमुख सुभाष स्टेडियम और सेक्टर 4 खेल स्टेडियम में खिलाड़ियों को दी जाने वाली सुविधाएं भी खतरनाक स्तर तक अपर्याप्त और जर्जर हो चुकी हैं।

■ सोनीपत के दोनों प्रमुख खेल परिसरों में मूलभूत सुविधाओं का भारी अभाव, सुरक्षा मानकों की भी अनदेखी

सुविधाओं की घोर कमी और सुरक्षा मानकों की अनदेखी के चलते सैकड़ों खिलाड़ी हर दिन एक बड़े खतरे के साये में अभ्यास करने को मजबूर हैं।

सुभाष स्टेडियम हो या सेक्टर-4 खेल स्टेडियम, दोनों ही मैदानों में खिलाड़ियों को न तो बुनियादी सुविधाएं मिल रही हैं और न ही सुरक्षा का पर्याप्त इंतजाम।

### जर्जर इंफ्रास्ट्रक्चर

यह हालत तब है, जब जिले में खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से इन परिसरों का उपयोग हजारों खिलाड़ी रोजाना करते हैं। जर्जर इंफ्रास्ट्रक्चर, अव्यवस्था और प्रशासन की उदासीनता ने खिलाड़ियों के मन में निराशा और असुरक्षा दोनों पैदा कर दी है। सुभाष स्टेडियम की स्थिति चिंता का विषय बनी हुई है। स्टेडियम के मुख्य भवन को पहले ही कंडम घोषित किया जा चुका है। भवन की स्थिति इतनी खराब है कि खिलाड़ी उसके आसपास भी जाने से बचते हैं। दीवारें टूट चुकी हैं, छत गिरने का खतरा बना रहता है और कई जगह लोहे के सहारे तक उखड़ चुके हैं। बावजूद इसके मरम्मत का काम अभी तक शुरू नहीं हुआ है।

## सेक्टर 4 खेल स्टेडियम के हालत बदतर

### मैदान में लटक रहे बिजली के तार



असुविधाओं का सिलसिला यहीं नहीं रुकता। मैदान के बाहर बिजली के खुले तार बेतरतीब तरीके से लटक रहे हैं। कई बार खिलाड़ी और अभिभावक इन तारों से टकराने से बाल-बाल बचे हैं। संबंधित विभाग को कई बार शिकायतें दी गईं, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। स्टेडियम में शौचालय की स्थिति भी दयनीय है, जिसके कारण खिलाड़ियों को मजबूरन दूर तक जाना पड़ता है।

### चोरी हो चुकी पानी की टंकी

#### महिला खिलाड़ियों के लिए चेंजिंग रूम बना चैलेंज

महिला खिलाड़ियों की सुरक्षा और सुविधा को लेकर भी गंभीर लापरवाही देखने को मिल रही है। न तो स्टेडियम परिसर में महिला खिलाड़ियों के लिए अलग से सुरक्षा से जुड़े इंतजाम हैं और न ही चेंजिंग रूम की स्थिति संतोषजनक है। चेंजिंग रूम के ऊपर लगी पानी की टंकी चोरी हो चुकी है और महीनों बीत जाने के बाद भी नई टंकी नहीं लगाई गई। बगैर पानी के चेंजिंग रूम का उपयोग करना लगभग असंभव हो गया है, जिससे महिला खिलाड़ियों को अतिरिक्त परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

### माहौल नहीं है सुरक्षित

#### बाहरी तत्वों का घूमना आम बात

हॉकी मैदान की हालत भी बेहतर नहीं है। अभ्यास के दौरान वहां बाहरी तत्वों का घूमना आम बात है। न तो रख-रखाव का कोई विशेष प्रबंध है और न ही सुरक्षा कर्मियों की तैनाती। खिलाड़ियों के लिए यह माहौल किसी भी तरह सुरक्षित नहीं कहा जा सकता।

### उखड़ चुका है ट्रैक

#### रफ्तार की बजाए टो ब्रेकर

दौड़ के लिए बनाए गए ट्रैक का हाल भी बेहद खराब है। ट्रैक कई जगह से उखड़ चुका है और असमतल हो गया है। खिलाड़ियों को तेज रफ्तार में दौड़ते समय चोट लगने का खतरा बना रहता है। कई युवा खिलाड़ियों ने बताया कि खराब ट्रैक के कारण उनके पैरों में मोच आना आम बात हो गई है। मैदान में जगह-जगह झाड़ियां उग आई हैं, जो ट्रैक और अभ्यास दोनों के लिए बाधक बन रही हैं।

### पार्कों में अभ्यास करने को मजबूर खिलाड़ी


सेक्टर 4 स्टेडियम का बदहाल दौड़ने का ट्रैक।

सुभाष स्टेडियम और सेक्टर 4 में हालात इतने खराब हैं कि अधिकांश खिलाड़ी मजबूरी में स्थानीय पार्कों में अभ्यास करने को मजबूर हो गए हैं। यहां भी ट्रैक और मैदान की नियमित देखरेख नहीं होती। न ही बैठने की व्यवस्था है और न ही पेयजल जैसी जरूरी सुविधा। सोनीपत में खेल संसाधनों का अभाव नए नहीं, लेकिन हाल के वर्षों में स्थिति और खराब हुई है। खिलाड़ियों का कहना है कि बड़े शहरों की तरह यदि स्टेडियमों का आधुनिकीकरण किया जाए तो यहां की प्रतिभाएं राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना सकती हैं। खिलाड़ियों और कोचों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि स्टेडियमों की मरम्मत, सुरक्षा व्यवस्था और खेल सुविधाओं को तत्काल प्राथमिकता पर सुधारा जाए। यदि इसी प्रकार अव्यवस्था बनी रही तो खेल प्रतिभाओं का भविष्य प्रभावित होगा, साथ ही हादसों का खतरा भी बढ़ता जाएगा। सोनीपत जैसे खेलप्रधान जिले में यह स्थिति चिंता का गंभीर विषय बन चुकी है।

### कमियों को दुरुस्त करवाया जाएगा

सुभाष स्टेडियम के जर्जर भवन के कोई आसपास न जाए, इसको लेकर नोटिस चस्पा किया है। खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं देना और उनकी सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। सभी खेल नर्सरियों व स्टेडियों में उपकरणों की जांच करवाई जाएगी। जहां भी कमियां मिलेंगी, उन्हें दुरुस्त करवाया जाएगा।

*मनोज कुमार, जिला खेल अधिकारी, सोनीपत।*

# कुंडली में फर्जी क्लीनिक पर सीएम फ्लाइंग व स्वास्थ्य विभाग का छापा





राई। क्लीनिक पर छापा मारकर जांच की औरअवैध दवाइयों को कब्जे में ले लिया — फोटो : हरिभूमि

**राई।** कुंडली के प्याऊ मनिहारी क्षेत्र में बिना अनुमति संचालित हो रहे एक फर्जी क्लीनिक पर सोमवार दोपहर स्वास्थ्य विभाग और सीएम फ्लाइंग द्वारा संयुक्त रूप से बड़ी कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान टीम ने डॉ. श्री कांत क्लीनिक पर छापा मारकर जांच की और मौके से अवैध दवाइयों को कब्जे में ले लिया। टीम में डॉ. विनय चौधरी, डॉ. रोहित कुमार (एमओ), सीएम फ्लाइंग के इंस्पेक्टर वीरेंद्र सिंह तथा ड्रग इंस्पेक्टर संदीप हुड्डा शामिल रहे। जांच के दौरान टीम ने क्लीनिक संचालक श्री कांत से वैध दस्तावेज मांगे, जिसमें मेडिकल डिग्री, रजिस्ट्रेशन प्रमाणपत्र और ड्रग लाइसेंस शामिल थे, परंतु संचालक कोई भी वैध कागजात प्रस्तुत करने में नाकाम रहा। टीम ने पाया कि क्लीनिक में बिना लाइसेंस के उपचार किया जा रहा था और मरीजों को अवैध दवाइयां दी जा रही थीं, जो सीधा मरीजों की जान के लिए खतरा है। अधिकारियों ने क्लीनिक से मिली दवाओं की विस्तृत सूची तैयार कर जब्त कर लिया तथा आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है। मौके पर कुण्डली थाना पुलिस भी मौजूद रही। जांच में मिला की यह क्लीनिक लंबे समय से संचालित हो रहा था और कई बार इसके उपचार तरीकों को लेकर संदेह व्यक्त किया जा चुका था। शिकायत मिलने पर स्वास्थ्य विभाग और सीएम फ्लाइंग ने संयुक्त अभियान चलाकर यह कार्रवाई अमल में लाई।

### कार्रवाई जारी रहेगी

वहीं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि ऐसे फर्जी क्लीनिक और झोलाछाप डॉक्टर्स के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी रहेगी। लोगों की जान के साथ खिलवाड़ करने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि जांच पूरी होने के बाद संचालक के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थी अलंकृत

# ओपीएस के विद्यार्थियों का राज्य स्तरीय रोलर स्केटिंग में सराहनीय प्रदर्शन

विजेताओं को स्कूल में सम्मानित किया गया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गोहाना


गोहाना। विजेताओं को ट्रॉफी प्रदान करते हुए एमडी निर्मल लाठर, प्राचार्य डॉ. मनजीत खासा व अन्य। — फोटो : हरिभूमि

राज्य स्तरीय रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप में गोहाना-जींद मार्ग स्थित ओम पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने सराहनीय प्रदर्शन किया। बुधवार को विजेता विद्यार्थियों को स्कूल की एमडी निर्मल लाठर और प्राचार्य डॉ. मनजीत खासा ने प्रशस्ति पत्र एवं ट्रॉफी प्रदान करके सम्मानित किया।


समारोह के लिए संयोजन उप प्राचार्या रेखा बजाज का रहा। 17 नवंबर को रुकमणि देवी पब्लिक स्कूल सोनीपत में 8वीं राज्य स्तरीय रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता करवाई गई। प्रतियोगिता में अंडर-11 आयु वर्ग में लडक़ों में अरमान, भविष्य, कुश, शौर्य, संयम और आयुष जबकि लड़कियों में अवनि ने द्वितीय स्थान प्राप्त करके रजत पदक हासिल किए। अंडर-14 आयु वर्ग में विहान, लक्ष्य, अक्षित, आर्यन, और प्रणव बूरा ने तीसरा स्थान प्राप्त करके कांस्य पदक जबकि अंडर-17 आयु वर्ग में समर पन्नू, अक्षित लठवाल, शिवम, आयान, वीरेन और अंश ढ़ोचक ने द्वितीय स्थान प्राप्त करके रजत पदक पर कब्जा जमाया। बुधवार को विजेताओं को स्कूल में समारोहपूर्वक सम्मानित किया गया। मौके पर प्रशिक्षण उमेश व अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे।





# स्पर्श-ऊर्जा का अनोखा एहसास कराए वूल योगा

योगा करने से तन-मन को लाभ तो होता ही है। लेकिन इन सर्दियों में अगर उसे करते समय वूलेन ड्रेस पहनी जाए तो आपको स्पर्श संवेदना के साथ ऊर्जा का अनोखा एहसास भी होगा। वूल योगा युवाओं को क्यों भा रहा है और इससे किस तरह के फायदे हैं, जानिए।



योगा ट्रेंड

दिव्यज्योति 'नंदन'

नवंबर-दिसंबर की ठंडी सुबहें जब कांच-सी पारदर्शी धुंध में लिपटी होती हैं, तब योगाभ्यास करने से अधिकतर लोग कतराने लगते हैं। लेकिन इन दिनों कुछ ऐसे युवा भी हैं, जो गर्म अहसास बनाए रखने के लिए नए-नए तरीके खोज रहे हैं, उन्हीं में से एक है- 'वूल योगा' यानी ऊनी वस्त्रों के साथ योगाभ्यास की वह शैली, जो तन और मन दोनों को स्पर्श के रोमांच से जोड़ती है।

**योग में स्पर्श का एहसास:** आमतौर पर हम योगाभ्यास को श्वास, आसन तथा ध्यान से जोड़ते हैं। मगर योग का एक बहुत गहरा रिश्ता स्पर्शबोध से भी है। वूल योगा दरअसल, इसी भूले हुए आयाम को फिर से जीवित करता है। जब शरीर ऊनी वस्त्रों से लिपटा होता है, ऊनी शॉल, ऊनी मैट या ऊनी स्वेटर तब त्वचा केवल गर्म अनुभव नहीं करती, बल्कि एक अनुभव से भी गुजरती है। यह स्पर्श का अनुभव है, जो शरीर को गर्माइश से भर देता है। योगिक दृष्टि से देखा जाए, तो स्पर्श इंद्रिय यानी त्वचा, शरीर की ऊर्जा धाराओं से सीधे जुड़ी होती है। जब हम प्राकृतिक ऊन के रेशों से बने वस्त्र पहनकर ध्यान लगाते या योगाभ्यास करते हैं, तो वह न सिर्फ हमें ऊर्जा या गर्माइश देता है बल्कि प्राणिक ऊर्जा को भी स्थिर करता है।



**शरीर-प्रकृति के बीच पुल:** ऊन को हम सामान्यतः सिर्फ गर्म कपड़े के रूप में जानते हैं, लेकिन योगिक दृष्टिकोण से यह कपड़ा 'जीवित वस्त्र' है। हर रेशा एक सूक्ष्म ऊर्जा वाहक की तरह काम करता है। न बहुत ठंडा, न बहुत गर्म। दरअसल, ऊन शरीर और प्रकृति के बीच ऊर्जा का एक पुल बनाती है। यही वजह है कि आजकल कई योग प्रशिक्षक, युवाओं को सलाह देते हैं कि वे सर्दियों में ध्यान या प्राणायाम करते समय सिंथेटिक की जगह ऊन या खादी के वस्त्र पहनें। क्योंकि इन कपड़ों से हमारे शरीर की त्वचा सांस लेती है और ऊर्जा संतुलित रहती है। इससे ध्यान की अवधि स्वाभाविक रूप से बढ़ जाती है।

**संवेदना को जगाए:** आज के युवा फैशन को केवल दिखावे के रूप में नहीं लेते बल्कि व्यक्तिगत अभिव्यक्ति के रूप में भी देखते हैं। वूल योगा इसी मानसिकता का नया विस्तार है। जहां ऊनी शॉल, जूट मैट, हस्त निर्मित जैकेट और मिट्टी के रंग वाले कपड़े सिर्फ पहनावा नहीं बल्कि आपकी संवेदना की बयानगी करते हैं। दरअसल, वूल योगा इसी सौंदर्यशास्त्र का विस्तार है, जहां फैशन ध्यान में घुल-मिल जाता है और ध्यान खुद फैशन बन जाता है।

**मिलती है भीतरी गर्मी:** वूल योगा का सबसे अनोखा पहलू यह है कि यह युवाओं को स्पर्श के रोमांच से जोड़ता है, जो रोमांच किसी शारीरिक उत्तेजना का नहीं बल्कि जीवंतता के एहसास का होता है। जब किसी ठंडी सुबह में आप ऊनी आसन पर बैठकर ध्यान लगाते हैं तो कपड़े का हर रेशा त्वचा को एहसास दिलाता है कि शरीर अभी सचेत और ऊर्जावान है। इस अनुभव में एक गहरी मनोवैज्ञानिक वास्तविकता होती है, क्योंकि आधुनिक डिजिटल युग में हम शरीर से भी दूर होते जा रहे हैं और स्क्रीन ने हमारी स्पर्श संवेदना को कुंद कर दिया है। वूल योगा इसी कुंद हो चुकी स्पर्श संवेदना या टच सेंसेशन से हमें पुनः जोड़ता है। यह एक ऐसी अनुभूति है, जो हमें संवेदनशील होने का एहसास कराती है।

**मिलता है नया अनुभव:** वूल योगा, इस बात का प्रमाण है कि योग कोई जड़ या स्थिर गतिविधि नहीं है। इसे हम नई से नई जीवंत गतिविधियों से जोड़ सकते हैं। सर्दी के मौसम में युवाओं के लिए यह सिर्फ एक फिटनेस रूटीन नहीं है बल्कि शरीर और कपड़ों के बीच के संवेदनशील संवाद का अनुभव है। इसलिए हर वह युवा जो ऊनी शॉल ओढ़कर ध्यान लगता है, वास्तव में वह अंजाने में यही कर रहा होता है, जो अपने शरीर को महसूस करता है, वो योग के सबसे शुद्ध संस्करण तक पहुंचते हैं और यह वही जगह है, जहां साधक अपने शरीर, कपड़े और स्पर्श तीनों को योग की अनुभूति में बदल देता है। *



स्पेशल
वर्ल्ड एड्स-डे
1 दिसंबर

डॉक्टर्स एडवाइस

एचआईवी संक्रमण और एड्स को लेकर अभी भी कई तरह के भ्रम समाज में मौजूद हैं। जबकि मेडिकल साइंस कहता है कि सावधानी बरतकर और जागरूकता से न केवल इससे बचा जा सकता है, बल्कि नियंत्रित भी किया जा सकता है। यहां एक्सपर्ट डॉक्टर्स बता रहे हैं कि एड्स कैसे हो सकता है, इसके लक्षण क्या हैं, इससे कैसे बचाव हो सकता है इसका उपचार कैसे किया जा सकता है?

# जागरूकता-सावधानी से संभव है एड्स की रोकथाम



हर साल 1 दिसंबर को विश्व एड्स दिवस मनाया जाता है। यह सिर्फ एक वार्षिक अभियान नहीं, बल्कि पूरी दुनिया को एचआईवी/एड्स जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जागरूक करने, इसके खिलाफ लड़ाई को तेज करने और संक्रमित लोगों के साथ सम्मानपूर्ण व्यवहार की पहल का दिन है। इसका मकसद लोगों को एचआईवी संक्रमण, उसके लक्षण, रोकथाम, उपचार और मिथकों के बारे में सही जानकारी देना है, ताकि समाज में फैले डर, भेदभाव और गलत धारणाओं को खत्म किया जा सके।

## एड्स-एचआईवी में अंतर

अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल, दिल्ली में सीनियर कंसल्टेंट-इंटरनल मेडिसिन, **डॉ. संचयन रॉय** बताते हैं, 'एड्स और एचआईवी को अकसर एक ही बीमारी माना जाता है, लेकिन सच यह है कि दोनों बिल्कुल अलग अवस्थाएं हैं। एचआईवी एक ऐसा वायरस है, जो शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता यानी इम्यून सिस्टम पर हमला करता है, जबकि एड्स इस संक्रमण का सबसे अंतिम और गंभीर चरण होता है, जब शरीर की प्रतिरोधक क्षमता बेहद कमजोर हो जाती है और सामान्य संक्रमण भी जानलेवा बन सकते हैं। अच्छी बात यह है कि अगर समय पर एचआईवी की पहचान हो जाए और मरीज तुरंत एआरटी थेरेपी शुरू कर दे, तो वह लंबे समय तक बिल्कुल सामान्य जीवन जी सकता है और एड्स तक पहुंचने से भी बच सकता है। आधुनिक दवाइयां वायरस को पूरी तरह खत्म तो नहीं करतीं, लेकिन उसकी मात्रा इतनी कम कर देती हैं कि वह शरीर को नुकसान नहीं पहुंचाता और दूसरे लोगों तक भी लगभग नहीं फैलता।'



## भारत में एचआईवी की स्थिति

अपने देश में एचआईवी की कंडीशन के बारे में श्री बालाजी एक्शन मेडिकल इंस्टिट्यूट, दिल्ली में डायरेक्टर-इंटरनल मेडिसिन एंड इंफेक्शन डिजीज, **डॉ. अरविंद अग्रवाल** बताते हैं, 'भारत में एचआईवी की स्थिति के बारे में बात करें तो यह अभी भी एक अहम स्वास्थ्य चुनौती बनी हुई है। राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन के मुताबिक भारत में लगभग 23 लाख लोग एचआईवी के साथ जीवन जी रहे हैं और हर साल कई नए मामले सामने आते हैं। हालांकि पिछले वर्षों की तुलना में संक्रमण कम हुआ है। सरकार और कई संस्थाओं के प्रयासों से लोगों में जागरूकता बढ़ी है और एआरटी दवाएं भी आसानी से उपलब्ध हो रही हैं, जिससे मरीजों को काफी मदद मिलती है। इसके बावजूद गांवों और छोटे शहरों में जानकारी की कमी, समाज का डर बना हुआ है, इसे दूर किए जाने की जरूरत है।'

## एचआईवी कैसे फैलता है

एचआईवी संक्रमण कैसे फैलता है, इस बारे में अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल, जयपुर के कंसल्टेंट-इंटरनल मेडिसिन, **डॉ. रोहित शर्मा** क्लीयर करते हैं, 'एचआईवी कैसे फैलता है, इसे लेकर लोगों में आज भी कई गलतफहमियां हैं, इसलिए सही जानकारी बेहद जरूरी है। एचआईवी संक्रमण सिर्फ चार वैज्ञानिक रूप से सिद्ध तरीकों से ही फैलता है, असुरक्षित यौन संबंध बनाने से, संक्रमित सुई या ब्लेड का उपयोग, संक्रमित खून चढ़ाने से और मां से बच्चे में गर्भावस्था, प्रसव या स्तनपान के दौरान। इन चार तरीकों के अलावा किसी भी सामान्य गतिविधि से एचआईवी नहीं फैलता। साथ बैठने, साथ खाने, हाथ मिलाने, कपड़े या टूथब्रश जैसे सामान साझा करने, या मच्छर के काटने से यह संक्रमण नहीं होता। फिर भी इन मिथकों के कारण लोग एचआईवी मरीजों से दूरी बनाते हैं, जिससे उन्हें सामाजिक भेदभाव और मानसिक तनाव झेलना पड़ता है। सही जानकारी ही इस कलंक को खत्म कर सकती है।'

## एचआईवी के शुरुआती लक्षण

एचआईवी संक्रमण की शुरुआत में कई बार कोई स्पष्ट लक्षण दिखाई नहीं देते, जिससे लोग इसे सामान्य थकान या मौसम बदलने की बीमारी समझ लेते हैं। कुछ मामलों में शुरुआती हफ्तों में फ्लू जैसे लक्षण दिख सकते हैं-जैसे हल्का बुखार, लगातार थकान, गले में खराश, शरीर पर हल्के दाने या बिना कारण वजन कम होना। चूंकि ये लक्षण आम बीमारियों जैसे लगते हैं, लोग अकसर एचआईवी टेस्ट कराने से बचते हैं और संक्रमण बढ़ता जाता है। इसी वजह से डॉक्टर सलाह देते हैं कि जोखिम की स्थिति में समय पर एचआईवी टेस्ट जरूर करवाना चाहिए, ताकि बीमारी को शुरुआत में ही नियंत्रित किया जा सके।




## सावधानी से संभव है रोकथाम

विश्व एड्स दिवस का सबसे महत्वपूर्ण संदेश यही है कि रोकथाम इलाज से बेहतर है। एचआईवी से बचने के लिए कुछ सरल लेकिन बेहद प्रभावी उपाय अपनाने चाहिए, जैसे हमेशा सुरक्षित यौन संबंध बनाना, एक ही साथी के साथ संबंध रखना, किसी भी सुई या ब्लेड का दोबारा उपयोग न करना, केवल जांच किए हुए और प्रमाणित खून ही चढ़वाना और गर्भवती महिलाओं का समय पर एचआईवी टेस्ट कराना। इसके साथ ही जागरूक रहना और दूसरों को भी सही जानकारी देना बेहद जरूरी है। ये कदम न केवल व्यक्ति को सुरक्षित रखते हैं बल्कि समाज में संक्रमण की रफ्तार भी काफी हद तक कम कर देते हैं।


## सही नहीं भेदभाव करना

हालांकि इलाज और जागरूकता बढ़ी है, फिर भी एचआईवी संक्रमित लोगों को समाज में भेदभाव का सामना करना पड़ता है। उन्हें नौकरी देने में हिचकिचाहट, घर या स्कूल में दूरी, रिश्तों में समस्याएं और सामाजिक तिरस्कार जैसी चुनौतियां झेलनी पड़ती हैं, जो बीमारी से ज्यादा मानसिक रूप से प्रभावित करती हैं। विश्व एड्स दिवस इसी भेदभाव को खत्म करने की अपील करता है। समाज का सम्मान और सहयोग संक्रमित व्यक्ति की सबसे बड़ी जरूरत है। स्कूलों में यौन शिक्षा देना, युवाओं में जागरूकता फैलाना और संक्रमित लोगों का सम्मानपूर्वक सहयोग करना- ये सभी कदम संक्रमण को कम करने में भूमिका निभाते हैं। यदि समाज एकजुट होकर काम करे तो एचआईवी को रोकना संभव है। *

प्रस्तुतिः सेहत फीचर्स

### एआरटी थेरेपी है काफी कारगर

एक समय एचआईवी को जानलेवा बीमारी माना जाता था, लेकिन आधुनिक चिकित्सा ने इसकी तस्वीर पूरी तरह बदल दी है। आज उपलब्ध एआरटी मरीज को लंबा, सामान्य और स्वस्थ जीवन जीने में सक्षम बनाती है। इससे शरीर में वायरस की मात्रा काफी कम हो जाती है, जिससे संक्रमण दूसरों तक फैलना लगभग रुक जाता है और मरीज की रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होती है। भारत सरकार भी कई केंद्रों पर एआरटी की दवाएं मुफ्त उपलब्ध कराती हैं, जिससे लाखों लोग नियमित इलाज ले पा रहे हैं और अच्छा जीवन जी रहे हैं।



हर्बल जोन

रेखा देशराज

# सर्दियों में गर्माहट का एहसास कराए लेमन ग्रास

सर्दियों के लिए लेमन ग्रास, बहुत खास हर्ब मानी जाती है। इसलिए इसे सर्दियों की 'वार्मिंग हर्ब' कहा जाता है। क्योंकि यह केवल स्वाद या सुगंध का स्रोत नहीं है बल्कि यह प्राकृतिक रूप से गर्माहट देने वाली जड़ी-बूटी है, इसलिए ठंड के प्रारंभिक दिनों में लेमन ग्रास के सेवन से कई फायदे होते हैं।

**बढ़ाए रोग प्रतिरोधक क्षमता:** लेमन ग्रास में कुदरती रूप से रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने का गुण होता है, इसलिए सर्दियों की शुरुआत में जब शरीर खांसी, जुकाम और बुखार के संक्रमण से पीड़ित होता है, तब इसका इस्तेमाल लाभकारी होता है। लेमन ग्रास में सिंटल और जेरोनियोल जैसे यौगिक मौजूद होते हैं, इसलिए ये बैक्टीरिया, वायरस और फंगस से लड़ने की जबरदस्त क्षमता रखते हैं। जब हम सर्दियों में लेमन ग्रास का चाय के रूप में या एरोमा थेरेपी के रूप में इस्तेमाल करते हैं, तो इससे बहुत फायदे मिलते हैं। इससे शरीर की इम्यूनिटी मजबूत होती है और मूड शांत होता है। शुरुआती सर्दियों में लेमन ग्रास का बेहतर उपयोग करने के लिए एक कप पानी में एक इंच लेमन ग्रास का टुकड़ा या फिर इसके सूखे पत्ते डालकर पांच-सात मिनट तक उबालना चाहिए। अगर इस पानी में अदरक, तुलसी और शहद भी मिला दिया जाए, तो फायदे कई गुना ज्यादा बढ़ जाते हैं।



**कई रोगों से बचाए:** लेमन ग्रास की चाय पीने से सर्दी, जुकाम और गले की खराश में राहत मिलती है। पेट की गैस, अपच और भारीपन से भी राहत मिलती है। लेमन ग्रास की भाप या इसकी चाय का नियमित इस्तेमाल करने से हमारे रेस्पिरेटरी सिस्टम को मजबूती मिलती है। क्योंकि इस मौसम में यह श्वसन तंत्र को खोलती है और हमारे गले की खराश को कम करती है। लेमन ग्रास में एक रासायनिक उत्प्रेरक शक्ति होती है, जिसके चलते यह बलगम को पतला करके उसे शरीर से निकालने में विशेष रूप से मदद करती है। इसलिए कुछ लोग सर्दियों में लेमन ग्रास को कफ फ्रेंडली हर्ब के रूप में भी जानते हैं, क्योंकि लेमन ग्रास का मूल स्वभाव उष्ण यानी गर्म होता है। मतलब यह हमारे रक्त संचार को बढ़ाती है, जो कि ठंड के मौसम में धीमा हो जाता है। लेमन ग्रास की चाय पीने से हमारे शरीर की सुस्ती और ठिठुरन कम होती है। क्योंकि जब हम लेमन ग्रास की चाय पीते हैं तो शरीर में इसके प्रभाव से एनर्जी पैदा होती है और मेटाबॉलिज्म की गति बढ़ जाती है। लेमन ग्रास के कुछ टुकड़ों को दालचीनी और तुलसी के साथ सूप बनाकर पीया जाए, तो बड़ा फायदा मिलता है क्योंकि यह प्राकृतिक डिटॉक्स की तरह काम करता है।

**लेमन ग्रास बाथ:** इस मौसम में गुनगुने पानी में लेमन ग्रास की पत्तियां या तेल डालकर 15 से 20 मिनट तक पैरों को उस गुनगुने पानी में डुबोकर रखें और फिर गुनगुने पानी से स्नान कर लिया जाए, तो थकान की समस्या पूरी तरह से दूर हो जाती है। *

फिटनेस फंडा

नितिन बाबू

# फिटनेस के लिए डेली करना होता है एफर्ट



सोनी सब चैनल के शो 'पुष्पा इंपॉसिबल' में चिराग का किरदार नितिन बाबू निभा रहे हैं। वह अच्छी लाइफ के लिए फिजिकल और मेंटल फिटनेस को बहुत महत्व देते हैं। इसके लिए वे क्या कुछ करते हैं, अपना फिटनेस रूटीन नितिन शेयर कर रहे हैं, अपनी जुबानी।

चिराग की भूमिका निभाना मेरे लिए रोमांचक और भावनात्मक दोनों है। उसका किरदार बहुत गहराई लिए हुए है। ऐसे किरदार को निभाने के लिए मेंटली फिट होना बहुत हेल्पफुल होता है। वैसे भी मैं हमेशा से अपनी फिजिकल और मेंटल हेल्थ को लेकर कॉन्शस रहा हूं और इसके लिए डेली एफर्ट करता रहता हूं।

**डाइट प्लान:** मेरा डाइट प्लान ज्यादातर सिंपल और संतुलित रहता है। सुबह हल्का और हेल्दी नाश्ता करता हूं। इसमें ओट्स, अंडे या फिर फल लेता हूं। दोपहर में घर का बना खाना पसंद है, जिसमें दाल, सब्जी, सलाद और ब्राउन राइस या रोटी होती है। रात का खाना मैं हल्का रखता हूं। दिन भर खूब पानी पीने की कोशिश करता हूं और जंक फूड से जितना हो सके दूर रहता हूं।

**वर्कआउट रूटीन:** मेरा वर्कआउट रूटीन, शूट शेड्यूल पर निर्भर करता है। लेकिन मैं सप्ताह में कम से कम तीन दिन जरूर एक्सरसाइज करता हूं। इसमें कार्डियो, वेट ट्रेनिंग और किसी दिन योग या फंक्शनल ट्रेनिंग शामिल होती है। शूट पर भी अगर समय मिलता है तो थोड़ी देर वॉक कर लेता हूं। वर्कआउट मिस नहीं करता हूं।

**मैनेज करता हूं टाइम:** सच कहूं तो वर्कआउट के लिए समय निकालना मुश्किल होता है, लेकिन यह फिट रहने के लिए बहुत जरूरी भी है। इसलिए मैं अपने दिन की प्लानिंग पहले से कर लेता हूं। अगर सुबह शूट हो, तो वर्कआउट शाम को कर लेता हूं। अगर दोपहर या शाम का शूट है तो सुबह वर्कआउट कर लेता हूं। और कभी-कभी सेट पर ही थोड़ा समय निकालकर कोई छोटी-मोटी फिजिकल एक्टिविटी कर लेता हूं।

**ऐसे रहता हूं मेंटली फिट:** मेरे लिए शारीरिक के साथ ही मानसिक स्वास्थ्य भी बहुत महत्वपूर्ण है। इसके लिए मैं रोज कुछ मिनट मेडिटेशन या डीप ब्रीदिंग करता हूं। किताबें पढ़ना मेरी हैबिट में शामिल है। परिवार और दोस्तों से बातचीत करना मुझे संतुलित रखता है। इसके आनावा मैं मानता हूं अपने मन की सुनना और खुद को ज्यादा भार या तनाव न देना बहुत मायने रखता है।

**फिटनेस आइडल:** मुझे हमेशा से ऋतिक रोशन और मिलिंद सोमन ने प्रेरित किया है। दोनों सिर्फ शारीरिक तौर पर ही नहीं, बल्कि मानसिक रूप से भी बेहद मजबूत हैं। उनकी लाइफस्टाइल और अनुशासन मुझे यह सिखाते हैं कि फिटनेस एक लंबी यात्रा है। यह निरंतर चलती है, इसमें कोई शॉर्टकट नहीं होता है।

**रीडर्स को मैसेज:** मेरा सबसे बड़ा फिटनेस मंत्र है- कंसिस्टेंसी इज द की। यानी फिटनेस के लिए आप चाहे कितना भी छोटा कदम उठाएं, लेकिन उसे रोज जारी रखें। फिटनेस सिर्फ जिम जाने से नहीं आती, बल्कि एक हेल्दी लाइफस्टाइल अपनाने से आती है। इसमें हेल्दी डाइट, अच्छी नींद और सकारात्मक सोच शामिल होती है। इसे लगातार फॉलो करना होता है, डेली एफर्ट करना होता है। *

प्रस्तुतिः सेहत फीचर्स

अवेयरनेस

अपराजिता

किसी की डेथ के बाद अगर उसके कुछ अंगों का दान कर दिया जाए तो दूसरे कई लोगों का जीवन बचाया जा सकता है। लेकिन अवेयरनेस के अभाव में ऐसा नहीं हो पाता है। 27 नवंबर, राष्ट्रीय अंगदान दिवस के अवसर पर, इस बारे में जानिए।

# अंग दान से मिल सकता है कई लोगों को जीवनदान



आज का दौर, चिकित्सकीय दृष्टि से क्रांति का दौर कहा जा सकता है। पिछले एक दशक में बायो क्षेत्र में जितनी तकनीकी प्रगति हुई है, उतनी शायद ही किसी दूसरे दौर में हुई हो। बावजूद इसके जीवन रक्षा के लिए आज भी तकनीक से ज्यादा जरूरी अंग दान ही है, क्योंकि अंग प्रत्यारोपण की तकनीक तो बहुत तेजी से विकसित हुई है, लेकिन अभी भी कृत्रिम अंगों की वह विश्वसनीयता नहीं हासिल हो सकी, जो आज भी मानवीय अंगों को है। सवाल है, इस बीच में लोगों का जीवन बचाने और बेहतर बनाने का उपाय क्या हो सकता है? तो इस सवाल का सबसे आसान जवाब यही है अंग दान।

**अंगदान की बढ़ती मांग:** अकेले भारत में ही हर साल 63 हजार लोगों को गुर्दा प्रत्यारोपण यानी किडनी ट्रांसप्लांट की जरूरत होती है। लेकिन हर साल अंगदान के रूप में हासिल होने वाली किडनियों की संख्या 3000 से भी कम होती है। इससे अनुमान लगाया जा सकता है कि अंग प्रत्यारोपण की जरूरत जिस रफ्तार से बढ़ रही है। इसी तरह हर साल भारत में 22,000 लोगों को लिवर ट्रांसप्लांट की जरूरत है, मगर मुश्किल से 800 से 900 लोगों को ही अंगदान के जरिए यह सुविधा प्राप्त हो पाती है। भारत में प्रति 10 लाख लोगों के बीच अंगदान की दर 0.3 से 0.8 के आस-पास है।

**अवेयरनेस की है कमी:** सामाजिक जागरूकता और नीति प्रक्रिया की स्थिति कुछ ऐसी है कि सिर्फ भारत में ही नहीं, दुनिया के ज्यादातर देशों में अंगदान की गति बहुत धीमी है। इसलिए अंग दान जैसे दिवसों का पहले के मुकाबले आज कहीं ज्यादा महत्व है, क्योंकि इसी बहाने लोगों को अंग दान को लेकर जागरूक किया जा सकता है। इसलिए अंग दान जैसे दिवस भले इस बात के लिए प्रेरित करते हैं कि दुनिया के ज्यादा से ज्यादा लोगों को इस बारे में प्रेरित और प्रोत्साहित किया जाना चाहिए ताकि दुनिया ज्यादा बेहतर और ज्यादा सुखी बन सके।

**पहले से बढ़ी है जागरूकता:** आज विश्व स्वास्थ्य संगठन और चिकित्सीय क्षेत्र से जुड़े तमाम संगठन और संस्थाएं अंगदान को प्रोत्साहित करने के लिए तरह-तरह के कार्यक्रम करती हैं, जिसके चलते अब धीरे-धीरे लोगों में यह भ्रम और झिझक खत्म हो रही है और अंगदान की प्रक्रिया थोड़ी बढ़ी है। लेकिन आज भी मांग और उपलब्धि के बीच में बहुत बड़ा अंतर है। सिर्फ गुर्दा प्रत्यारोपण हेतु ही दुनिया में कई लाख लोग हर समय प्रतीक्षारत रहते हैं और गुर्दा दान करने वाले लोगों की संख्या बेहद कम है। हालांकि पिछले कुछ सालों में पश्चिमी विकसित देशों में अंगदान की प्रक्रिया थोड़ी बेहतर हुई है और आज औसतन प्रति लाख 20 से 30 लोग अंगदान के लिए तैयार हो रहे हैं, जिसमें सबसे ज्यादा प्रति लाख 30 लोगों का आंकड़ा स्पेन का है। लेकिन आज भी अंगदान देने वालों और चाहने वालों की संख्या में बहुत फर्क है। इसलिए इस दिन की खास महत्ता है कि लोगों को अंगदान के लिए प्रोत्साहित किया जाए और उन्हें समझाया जाए कि अंगदान ही महादान है। इसलिए अंग दान दिवस की महत्ता आज पहले से कहीं ज्यादा बढ़ गई है। *

### बचा सकते हैं कई लोगों की जान

**आज भी** शरीर का कोई भी अंग पूरी तरह से कृत्रिम नहीं बनाया जा सका, जो सौ फीसदी कारगर हो। आज भी 99.99 फीसदी अंग प्रत्यारोपण जीवित या मृत लोगों के द्वारा दिए गए अंगों के दान पर ही निर्भर है। ऐसे में कोई भी तकनीक चाहे कितनी ही उन्नत हो जाए, किसी काम की नहीं होगी, जब प्रत्यारोपण के लिए अंग ही न मौजूद हों। यही कारण है कि अंग प्रत्यारोपण दिवस पर पूरी दुनिया में अनेक मेडिकल संस्थाएं और एजेंसियां अंग दान संबंधी कार्यक्रमों के जरिए लोगों को इसके लिए प्रोत्साहित करती हैं। गौरतलब है कि अंग दान के प्रति उदासीनता के कारण हर साल 25 लाख से ज्यादा लोगों की या तो दुर्घटना के चलते या असाध्य बीमारियों के तहत मौत हो जाती है और अगर पूरी दुनिया में लोग अंग दान को लेकर सहज हो जाएं, तो हर साल इतने लोगों को असमय मृत्यु से बचाया जा सकता है।

## खबर संक्षेप

### गायन प्रतियोगिता में अनिकेत प्रथम




**खरखौदा।** कल्पना चावला विद्यापीठ में अंतर्सदनीय गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मंच का संचालन अध्यापिका सुमन ने किया। उक्त प्रतियोगिता कक्षा नौवीं व ग्यारहवीं के विद्यार्थियों में तीनों सदनों- सत्यम्, शिवम्, सुंदरम् के बीच हुई।। निर्णायक का दायित्व अध्यापिका मीना व अध्यापक रोहित द्वारा निभाया गया। घोषित परिणाम के अनुसार प्रथम स्थान पर अनिकेत पुत्र राजकुमार सुंदरम् सदन, द्वितीय स्थान पर मोनिका पुत्री विपिन सत्यम् सदन, चहक पुत्री प्रवीण सुंदरम् सदन से, तृतीय स्थान पर आदित्य पुत्र किशोरीलाल शिवम सदन से और चाहत पुत्री अमित सुंदरम् सदन रहे।

### कंपनी से चोरी के मामले में दो आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** जिले के थाना कुण्डली की पुलिस ने एक कंपनी से बैटरी सेल, बॉक्स, कॉपर वायर, और बैटरी एल्युमीनियम प्लेट चोरी करने की घटना में संलिप्त दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों की पहचान सुजीत पुत्र सुदामा निवासी अलवर, राजस्थान और सागर पुत्र विजय निवासी नरेला, दिल्ली के रूप में हुई है। इस संबंध में 23 नवंबर 2025 को नितिन पुत्र राजेंद्र निवासी विकास नगर, सोनीपत (हाल कुण्डली) ने थाना कुण्डली में शिकायत दर्ज कराई थी। नितिन ने बताया था कि वह सीनियर एचआर एग्जीक्यूटिव के तौर पर कंपनी में कार्यरत है।

### स्टेडियम की हालत को सुधारने की आवश्यकता

**खरखौदा।** द्रोणाचार्य अवार्डी एवं पूर्व पुलिस अधीक्षक अनूप दहिया ने कहा है कि बहादुरगढ़, झज्जर और लाखन माजरा रोहतक के प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ी की असामयिक और हृदयविदारक मृत्यु से वह स्तब्ध एवं दुखी हैं। इन होनहार खिलाड़ियों की क्षतिपूर्ति परिवार और समाज के लिए असंभव है। उनका मानना है कि दोनों दुर्घटनाएं स्टेडियम व खेल मैदानों के रखरखाव की कथित उपेक्षा के कारण घटित हुई हैं।


गन्नौर। सरपंच जगबीर छौक्कर के घर लगी आग से जला सामान।

### खेड़ी गुज्जर के सरपंच के घर लगी आग

**गन्नौर।** खेड़ी गुज्जर गांव में गत मंगलवार को सरपंच जगबीर छौक्कर के घर अचानक आग लग गई। आग इतनी तेज थी कि देखते ही देखते घर में रखा शादी का पूरा सामान जलकर राख हो गया। घर में उनके भतीजे की शादी थी और परिवार शादी की तैयारियों में जुटा हुआ था। आग लगने से कपड़े, नकदी, जेवर, फर्नीचर और अन्य सामान पूरी तरह जल गया। परिवार के सदस्य शादी के लिए तैयारियों में लगे थे कि अचानक धुआं उठता देख घर में हड़कंप मच गया।

## लेबर कोड के खिलाफ प्रदर्शन, केंद्र सरकार को ज्ञापन सौंपा

# नए श्रम कानून मजदूरों के हितों पर चोट आंदोलनों को तेज करने की चेतावनी दी

**सरकारी विभागों में लाखों रिक्त पदों को भरने के बजाय निजीकरण को बढ़ावा देने का आरोप**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सोनीपत

सोनीपत में बुधवार को केंद्रीय ट्रेड यूनियनों और कर्मचारी संगठनों के संयुक्त आवाहन पर चार नए लेबर कोड के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन से पहले सभी संगठन पंचायत भवन में एकत्रित हुए, जहां हुई सभा की अध्यक्षता श्रद्धानंद सोलंकी ने और संचालन ईश्वर सिंह राठी ने किया। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि सरकार ने 29 पुराने श्रम कानूनों को समाप्त कर पूंजीपतियों के हित में नई श्रम संहिताएं लागू कर दी हैं, जिससे मजदूरों को मिलने वाले मौलिक अधिकार कमजोर हो गए हैं।

वक्ताओं ने कहा कि लॉकडाउन के दौरान श्रम संहिताएं धोखे से पारित कर दी गईं और लंबे समय तक विरोध के बावजूद सरकार इन्हें 21 नवंबर से लागू करने पर अडिग हो गई। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार सरकारी विभागों में लाखों रिक्त पदों को भरने के बजाय निजीकरण को बढ़ावा दे रही है, जिससे बेरोजगारी और बढ़ रही है।



सोनीपत। लघु सचिवालय के सामने विरोध प्रदर्शन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

सभा में यह भी बताया गया कि संशोधित प्रावधानों के तहत ड्यूटी समय 12 घंटे कर दिया गया है और 300 से कम कर्मचारियों वाली फैक्ट्रियों में मालिकों को बिना अनुमति के कर्मचारियों को हटाने का अधिकार दिया गया है। महिलाओं की रात्रि पाली में ड्यूटी को लेकर भी विरोध जताया गया। सभा के बाद कार्यकर्ताओं ने पंचायत भवन से डीसी कार्यालय तक जुलूस निकाला और प्रधानमंत्री के नाम नायब तहसीलदार सोमेश्वर वशिष्ठ के माध्यम से ज्ञापन सौंपा। संगठनों ने चेतावनी दी कि यदि चारों लेबर कोड वापस नहीं लिए गए तो देशव्यापी बड़ा आंदोलन शुरू किया जाएगा। इस दौरान एआईयूटीसी, सीआईटीयू, इंटक, एसकेएम के नेता शामिल हुए। हरिप्रकाश, शीलकराम मलिक, ऋतुराज, देशराज, छवि व शिवकुमार ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर इन चार लेबर कोड को वापस नहीं किया तो देश में बड़ा आंदोलन होगा। सरकार को चार लेबर कोड वापस लेने के लिए मजबूर कर दिया जाएगा।

### दीनबंधु छोटू राम विश्वविद्यालय मुरथल के गैर-शिक्षक कर्मचारियों की मांगों पर गतिरोध

**सोनीपत।** दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय मुरथल सोनीपत के गैर-शिक्षक कर्मचारियों की सेवा नियमों को विश्वविद्यालय प्रशासन ने सरकार एवं विश्वविद्यालय की ओर से मंजूरी के लिए भेज दिया है। कर्मचारियों का कहना है कि इस दौरान विश्वविद्यालय की पदोन्नति के लिए अनुमतियां देने में काफी विलंब हुआ है। कर्मचारियों ने प्रशासन से कुछ अन्य मुद्दों पर भी पत्र लिखकर अनुरोध किया है लेकिन उनका आरोप है कि प्रशासन इस मामले में कोई कदम नहीं उठा रहा है। इससे कर्मचारियों को वित्तीय और मानसिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विश्वविद्यालय में सरकार द्वारा गठित विधायकों एवं महानिदेशक तकनीकी निदेशालय की कमेटी ने 12 सितंबर 2025 को दौरा किया था। कमेटी के सामने सभी कर्मचारियों ने आश्वासन दिया था कि सेवा नियमों को अनुमोदित कराकर कर्मचारियों की सभी मांगों का निपटारा दो महीने के अंदर कर दिया जाएगा, लेकिन यह मांग अभी भी लंबित है। इस गतिरोध के संबंध में बुधवार को यूनियन की आम सभा की एक बैठक हुई जिसमें यह निर्णय लिया गया कि अगर विश्वविद्यालय प्रशासन 28 नवंबर 2025 तक यूनियन के पदाधिकारियों को लिखित बातचीत के लिए नहीं बुलाता है और समय सीमा निर्धारित करते हुए मांगों का जल्द निपटारा नहीं किया जाता है तो कर्मचारी 1 दिसंबर 2025 को सुबह 11 बजे से दोपहर 12 बजे तक सांकेतिक विरोध प्रदर्शन करेंगे। बैठक में यूनियन प्रधान सुमित दहिया, उप-प्रधान नीरज और श्रीराज, जनरल सेक्रेटरी शिव प्रसाद, सह-सचिव दहिया, रंजीत, विनोद, सरिता, पूनम, सरोज सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### चार श्रम संहिताओं के विरोध में सड़कों पर किया प्रदर्शन

**गोहाना।** मजदूर अधिकार संघर्ष अभियान के आह्वान पर जनसंघर्ष मंच हरियाणा, निर्माणकार्य मजदूर मिस्त्री यूनियन और मनरेगा मजदूर यूनियन के संयुक्त तत्वावधान में केंद्र सरकार द्वारा लागू किए गए चार श्रम कानून के विरोध में गोहाना में प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारी पुराना बस स्टैंड, बलिदानी भगत सिंह चौक, महावीर चौक से होते हुए समता चौक में पहुंचे। जनसंघर्ष मंच हरियाणा के मुख्य सलाहकार डा. सीडी शर्मा ने कहा कि सरकार ने कोरोना काल में इन श्रम संहिताओ को संसद में बिना किसी बहस के पास किया। देश के प्रमुख मजदूर संगठनों और विपक्ष की पार्टियों से सलाह किए बिना 21 नवंबर से लागू करने की अधिसूचना जारी कर दी। डा. शर्मा ने कहा कि ये श्रम कानून पूरी तरह से कार्पोरेट, पूंजीवादी हितों को पूरा करने वाले और मजदूरों का गला घोटने वाले हैं। मंच के राज्य सचिव रघबीर विरोधिया ने कहा कि इन श्रम कानून के लागू होने से पुराने 29 श्रम अधिकार निरस्त कर दिए गए। इस मौके पर सूरजभान चहल, रोहतास, जगमहेंद्र, मदन अत्री, सुरेंद्र मिस्त्री, सोनू खेड़ा, जोगिंद्र, कपिल, कर्मवीर, संदीप, मंदीप, बबली, कमलेश, बीरमती चहल, सुनीता व सरोज उपस्थित रहे।


राई। जाखौली मंडल के अध्यक्ष शेखर आंतिल विशाल श्रद्धांजलि समागम में लोगों को रवाना करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## गुरु जी का बलिदान सबसे प्रेरणादायक घटनाओं में एक

- जाखौली मंडल के अध्यक्ष शेखर आंतिल ने गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी दिवस को लेकर किया संबोधित
- प्रदेश की चारों धाम यात्राओं सिरसा, पंचकूला, यमुनानगर और फरीदाबाद से चल रही शहीदी यात्रा के संत-महापुरुष विशेष संगत का हिस्सा बनी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ राई

भाजपा जाखौली मंडल के अध्यक्ष शेखर आंतिल ने धर्म, सेवा और मानवता के प्रतीक श्री गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी दिवस को लेकर संबोधित करते हुए कहा कि ज्योतिसर, कुरुक्षेत्र में श्री गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी दिवस , विशाल श्रद्धांजलि समागम में राई हल्के से जाखौली मंडल के अध्यक्ष शेखर आंतिल हल्के के काफी संख्या में लोगों के साथ बस में बैठकर पहुंचे थे। जाखौली मंडल के अध्यक्ष शेखर आंतिल के अलावा झुंडपर से देवेंद्र सरपंच, जगदीशपुर से जितेंद्र सरपंच, जखोली से नवीन, पदम सिंह चौहान जखोली ने भी संबोधित किया। संबोधित करते हुए मंडल अध्यक्ष शेखर आंतिल ने कहा कि कार्यक्रम में प्रदेश की चारों धाम यात्राओं सिरसा, पंचकूला, यमुनानगर और फरीदाबाद से चल रही शहीदी यात्रा के संत-महापुरुष एकत्र होकर विशेष संगत का हिस्सा बनी। जाखौली मंडल के अध्यक्ष शेखर आंतिल ने गुरु तेग बहादुर जी के पावन जीवन, उनके त्याग, तप और मानवता की रक्षा के अद्वितीय उदाहरण को नमन करते हुए कहा कि हिंदी चादर गुरु तेग बहादुर जी का बलिदान दुनिया के इतिहास में सबसे प्रेरणादायक घटनाओं में से एक है। गुरु तेग बहादुर जी ने अन्याय और अत्याचार के विरुद्ध खड़े होकर धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा की, जिसका लाभ संपूर्ण मानव समाज को मिला।

## प्रोग्रामिंग पर कार्यशाला शिक्षकों को दी ट्रेनिंग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सोनीपत

ब्राइट स्कॉलर स्कूल में अध्यापकों के लिए पायथन प्रोग्रामिंग पर दो दिन की वर्कशॉप बुधवार को संपन्न हो गई। वर्कशॉप को रिसोर्स पर्सन गुंजन जैन और दीपेंद्र ढुल ने संचालित किया। वर्कशॉप में इंफॉर्मेटिक्स प्रैक्टिस पर फोकस किया गया और इसका उद्देश्य स्टूडेंट्स में कोडिंग स्किल्स विकसित करना था। रिसोर्स पर्सन ने पॉयथन प्रोग्रामिंग सीखने को रुचिकर बनाने के लिए इनोवेटिव कोडिंग स्ट्रेटेजी और आइडिया शेयर किए। सभी प्रतिभागियों की



दिलचस्पी बनाए रखने और रुचि बनाये रखने के लिए इंटरैक्टिव सेशन और क्विज़ ऑर्गनाइज़ किए गए। कार्यशाला ने स्टूडेंट्स को एक्सपर्ट्स से सीखने और अपनी शंका दूर करने के लिए एक प्लेटफॉर्म दिया। प्राचार्या डॉ. किरण दलाल ने कार्यशाला के उद्देश्य पर मत्वपूर्ण बातें की और कहा कि अध्यापकों के लिए इस तरह की कार्यशाला बेहद फायदेमंद है।

### दोहा प्रतियोगिता में रक्षित और काव्या की टीम प्रथम

**गोहाना।** गोहाना-जींद मार्ग स्थित नालंदा वर्ल्ड स्कूल में बुधवार को दोहा प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में कक्षा चौथी और पांचवीं के विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता करके प्रतिभा प्रदर्शित की। दोहा प्रतियोगिता का शुभारंभ स्कूल की एमडी रीना मलिक और प्राचार्या अनुपमा चौधरी ने दीप प्रज्वलित करके किया। इस प्रतियोगिता में तरंग सदन से रक्षित और काव्या की टीम प्रथम घोषित की गई। अभिसार सदन से हनिका और ओजस्वी की टीम द्वितीय जबकि क्षितिज सदन से गरिमा व दीप की टीम तृतीय रही। प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों को स्कूल की एमडी रीना मलिक ने प्रशस्ति पत्र प्रदान करके सम्मानित किया।

## 245 विद्यार्थियों और शिक्षकों ने लिया हिस्सा, दी मिशन बुनियाद और सुपर 100 की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सोनीपत

बीसवां मिल स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बुधवार को मिशन बुनियाद और हरियाणा सुपर 100 कार्यक्रम को लेकर ब्लॉक-स्तरीय कैंपेन सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें ब्लॉक के सभी विद्यालयों ने सक्रिय भागीदारी की। सेमिनार में लगभग 245 विद्यार्थियों और शिक्षकों ने हिस्सा लिया। प्रत्येक विद्यालय से कक्षा 8वीं और 10वीं के तीन-तीन विद्यार्थी तथा एक-एक टीजीटी शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को दोनों योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। बताया गया कि मिशन बुनियाद के लिए ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि 16 दिसंबर है, और इसकी परीक्षा 24 दिसंबर को आयोजित होगी। वहीं, हरियाणा सुपर 100 के लिए पंजीकरण की अंतिम तिथि 9 फरवरी है, जिसकी परीक्षा 11 फरवरी को निर्धारित की गई है। सेमिनार में विशेष रूप से उन



सोनीपत। कार्यक्रम का शुभारंभ करते अतिथिगण।

विद्यार्थियों के पंजीकरण पर ज़ोर दिया गया जो 60 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त कर रहे हैं। इस दौरान बताया गया कि हरियाणा सुपर 100 के माध्यम से अब तक 100 से अधिक विद्यार्थी प्रतिष्ठित आईआईटी संस्थानों में प्रवेश पा चुके हैं। चयनित विद्यार्थी हिसार और कुरुक्षेत्र के हॉस्टलों में रहकर पढ़ाई करेंगे।

### प्रश्नमंच प्रतियोगिता में स्वामी दयानंद सदन प्रथम

**गोहाना।** संविधान दिवस पर बुधवार को शहर में गुढ़ा मार्ग स्थित गीता विद्या मंदिर में प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य अश्वनी कुमार ने की। कार्यक्रम में छात्र केशव व छात्रा विधि ने संविधान दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। गरिमा ने राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान के विषय में जानकारी प्रस्तुत की। प्रतियोगिता का संचालन आचार्या रीना खासा ने किया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने संविधान से जुड़े महत्वपूर्ण प्रश्नों के उत्तर देकर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रश्नमंच प्रतियोगिता में स्वामी दयानंद सदन प्रथम, विवेकानंद सदन द्वितीय व चाणक्य सदन तृतीय स्थान पर रहा।

## नशा मुक्ति के प्रति किया जागरूक

- कार्यक्रम की शुरुआत संविधान निर्माता अंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित की

हरिभूमि न्यूज ▸▸ खरखौदा

कन्या महाविद्यालय, खरखौदा में प्राचार्या डॉ. तराना नेगी की अध्यक्षता व डॉ किरण सरोहा के दिशा निर्देश में नशा-मुक्ति के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु, निदेशालय उच्च शिक्षा हरियाणा द्वारा प्राप्त दिशा-निर्देशों के अंतर्गत नवंबर माह की गतिविधि के रूप में पोस्टर एवं स्लोगन प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का सफल संचालन नार्को कमेटी की प्रभारी डॉ. शालिनी तथा सदस्य डॉ. सारिका व प्रीति के नेतृत्व में किया गया। इस प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को नशे के



खरखौदा। नशा मुक्ति संबंधी पोस्टर दर्शाती छात्राएं

दुष्प्रभावों से अवगत कराना तथा समाज में नशा-मुक्ति का सशक्त संदेश प्रसारित करना था। दूसरी गतिविधि के अन्तर्गत कॉलेज में संविधान दिवस के उपलक्ष्य में लीगल लिटरेसी सेल द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका संचालन समिति के सदस्यों डॉ. सीमन्त, डॉ. शालिनी, डॉ. विजयदीप तथा रेखा ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई। इसके पश्चात विद्यार्थियों को संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन कराया गया तथा प्रतिज्ञा कराई गई। जिसमें छात्रों ने देश के संविधान के प्रति निष्ठा, समानता और न्याय के मूल्यों को बनाए रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्रो. प्रोमिला, डॉ. नमिता, डॉ रमेश सहित अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे और छात्राओं के प्रयासों की प्रशंसा की।

### टूटी पेयजल सप्लाई पाइप लाइन की रिपेयरिंग शुरू

**गन्नौर।** नगरपालिका रोड पर भारत गैस एजेंसी के पास टूटी पेयजल सप्लाई पाइप लाइन की रिपेयरिंग मंगलवार देर शाम शुरू हो गई, जबकि पूरे दिन मरम्मत का काम शुरू नहीं हो पाया था। पिछले कुछ दिनों से पाइप लाइन टूटी होने के कारण सप्लाई के दौरान पानी तेजी से सड़क पर फैल रहा है, जिससे वाहन चालकों, पैदल राहगीरों और आसपास के दुकानदारों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय दुकानदारों ने बताया कि सुबह और शाम की सप्लाई के समय सैकड़ों लीटर पानी सड़क पर बह जाता था, जिससे सड़क पर जलभराव हो जाता था और ग्राहक दुकान तक नहीं पहुंच पाते थे। देर शाम जनस्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और मरम्मत कार्य शुरू किया।

## अंडर-19: 100 मीटर दौड़ में छवि सबसे आगे

- जेएलएन विद्यालय के वार्षिक खेलोत्सव में छात्राओं की एथलेटिक्स प्रतियोगिताएं

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गोहाना

शहर में गुढ़ा मार्ग स्थित जेएलएन वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के वार्षिक खेलोत्सव में बुधवार को छात्राओं की एथलेटिक्स प्रतियोगिताएं करवाई गई। छात्राओं ने खेल प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का सराहनीय प्रदर्शन किया। तीसरे दिन खेलों का शुभारंभ विद्यालय के एमडी सुनील शर्मा और प्राचार्य डॉ. सचिन शर्मा ने किया। अंडर-19 आयु वर्ग में 100 मीटर दौड़ में छवि, ईशा और काफी, 400 मीटर दौड़ में ईशा, उमंग और भूमि, 200 मीटर दौड़ में दीक्षा, खुशबू और सपना, शॉटपुट थ्रो में स्नेहा, काफी और सारिका, लंबी कूद में वैष्णवी, काजल और हर्षिता, डिस्कस थ्रो में स्नेहा, उमंग और सारिका ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंडर-17 आयु वर्ग में 100 मीटर दौड़ में हर्षिका, दिव्यांशी और निकिता, 400 मीटर दौड़ में दीक्षा, छवि और उर्मी, 200 मीटर दौड़ में हर्षिका, मानसी और अंशु, 800 मीटर दौड़ में हर्षिता, अंशु और खुशबू, लंबी


गोहाना। दौड़ प्रतियोगिता में एक दूसरे को पछाड़ने का प्रयास करते हुए छात्राएं।

कूद में हर्षिका, दिव्यांशी और नितिशा, शॉटपुट में काश्वी, पारुल और वंशु क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे। अंडर-14 आयु वर्ग में 100 मीटर दौड़ में महक, वंशिका और तनिष्का, 400 मीटर दौड़ में महक, सोनम और ईशा, 200 मीटर दौड़ में आस्था, अनवी और दीक्षा, 800 मीटर दौड़ में मानवी, प्रिया और वंशिका, लंबी कूद में वर्षिका, मुस्कान और राशी, शॉटपुट थ्रो में मानवी, शिवानी और तन्वी ने क्रमशः पहला, दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। खेलों के आयोजन में उप प्राचार्य सूरत शर्मा, कोच युकेश दत्त, डीपी सोनू शर्मा, सोमवीर मलिक, प्रियंका और सुशीला का विशेष योगदान रहा।

## राहुल बने खरखौदा ग्राम सचिव एसो. के प्रधान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ खरखौदा

बीडीपीओ कार्यालय के सभागार में प्रदेश कार्यकारिणी ग्राम सचिव एसोसिएशन दिशा-निर्देशों के तहत एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें खंड स्तर पर संगठन को मजबूत बनाने और भविष्य की कार्य योजना पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से निर्णय लेते हुए ग्राम सचिव राहुल मलिक को खरखौदा खंड ग्राम सचिव एसोसिएशन का प्रधान चुना गया। दीपक मलिक को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। चयन के बाद ग्राम सचिवों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों का फूल मालाओं से स्वागत कर बधाई दी।



नवनिर्वाचित प्रधान राहुल मलिक ने कहा कि उन्हें जो विश्वास दिया गया है, वे उस पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। वे ग्राम सचिवों की समस्याओं को प्राथमिकता से उठाएंगे और संगठन के हित में पारदर्शिता के साथ कार्य करेंगे। मौके पर विभिन्न गांवों से संबंधित ग्राम सचिव उपस्थित रहे, जिनमें सुमित खोखर, दर्शन, कुलदीप, प्रदीप तेज सिंह व आशीष आदि के नाम शामिल हैं।

**सख्ती** | गोहाना क्षेत्र में जल्द ओद्यौगिक इकाइयों का निरीक्षण किया जाएगा

# गोहाना क्षेत्र में भी ग्रैप-3 की पाबंदियां रहेगी जारी : अंजलि

**प्रशासन द्वारा ग्रैप-3 की अनुपालना में निरंतर रूप से निगरानी की जा रही**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गोहाना

एसडीएम आईएएस अंजलि श्रोत्रिय ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के आदेशानुसार गोहाना क्षेत्र में भी ग्रैप-3 की पाबंदियां जारी रहेंगी। प्रशासन द्वारा ग्रैप-3 की अनुपालना में निरंतर रूप से निगरानी की जा रही है। अंजलि श्रोत्रिय ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में सर्दियों के मौसम में तेजी से बिगड़ती वायु गुणवत्ता को देखते हुए सवोच्च न्यायालय के आदेशों एवं कमीशन फॉर एयर क्वालिटी


एसडीएम अंजलि श्रोत्रिय।

मैनेजमेंट (सीएक्यूएम) द्वारा संचालित ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रेप) की स्टेज-थ्री को सक्रिय किया गया है। यह चरण तब लागू होता है जब एयर क्वालिटी इंडेक्स (ऐक्यूआई) 401 से 450 के बीच गंभीर श्रेणी में पहुंच जाता है, जो स्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारक है। ग्रेप-3 के प्रावधानों में विशेष रूप से उद्योगों में प्रदूषण नियंत्रण उपकरणों (जैसे स्क्रबर, फिल्टर), ईंधन के प्रकार (केवल स्वच्छ ईंधन जैसे पीएनजी/सीएनजी का उपयोग), उत्सर्जन मानकों की पालना, अपशिष्ट प्रबंधन, निर्माणाधीन प्रोजेक्ट एवं धूल नियंत्रण शामिल हैं। एसडीएम ने कहा कि प्रशासन द्वारा ग्रैप—3 की अनुपालना में निरंतर रूप से निगरानी की जा रही है। किसी भी प्रकार के निर्माण कार्य, चिमनी वाले उद्योगों, ईंट भट्टों पर रोक रहेगी। वाहन मालिक बीएस-3/4 वाहनों का उपयोग न करें एवं सार्वजनिक परिवहन को प्राथमिकता दें।

### औद्योगिक इकाइयों का होगा निरीक्षण

एसडीएम ने कहा कि उद्योगपति स्वच्छ ईंधन का उपयोग करें एवं नियमित एमिशन टेस्ट करवाएं। जल्द ही गोहाना क्षेत्र में भी ओद्यौगिक ईकाइयों का निरीक्षण किया जाएगा। कोई भी व्यक्ति ग्रैप—3 की पाबंदियों को नजरदांज करने का प्रयास न करें। अगर कोई भी व्यक्ति/संस्थान/उधोग इसका उल्लंघन करते हुए पाया जाता है तो उसके विरूद्ध नियमानुसार कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। नागरिक किसी भी प्रदूषणकारी गतिविधि (जैसे पराली जलाना, कचरा जलाना) की सूचना तुरंत क्षेत्रीय अधिकारी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड कार्यालय या उपमंडल अधिकारी (ना.) कार्यालय को दें।

**ग्राम पंचायत, बाघडू**

**बोली सूचना**

ग्राम पंचायत बाघडू कन्डम समान लगभग 100kg लोहा, कन्डम रिक्शा व लाईट रिपेयर का कन्डम समान की बोली दिनांक 10/12/2025 को प्रातः 11:00 बजे सरेआम छोटे बाघडू वाली चौपाल में की जाएगी। बाकि की शर्तें मौके पर बता दी जाएंगी।

हस्ता/- सरपंच
ग्राम पंचायत बाघडू
सोनीपत (हरियाणा)

## जिलेभर में धूमधाम से मनाया संविधान दिवस, समानता-स्वतंत्रता-न्याय के सिद्धांतों पर दिया जोर

# भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक गणराज्य : एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

बुधवार को भारतीय संविधान दिवस पर एसडीएम अंजलि श्रोत्रिय ने सोनीपत मार्ग स्थित लघु सचिवालय परिसर में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संविधान की प्रस्तावना की सामूहिक शपथ दिलाई। अंजलि श्रोत्रिय ने कहा कि भारतीय संविधान दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की आधारशिला के रूप में हमारे मौलिक अधिकारों की रक्षा करता है। यह हमारे देश में न्याय, समानता और स्वतंत्रता के सिद्धांतों को स्थापित करता है। यह हमारे देश की असंख्य संस्कृतियों, भाषाओं, धर्मों के बीच एकता को बढ़ाते हुए प्रत्येक व्यक्ति के अधिकारों की रक्षा कैसे हो यह दर्शाता है। एसडीएम ने कहा कि भारतीय संविधान को 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा द्वारा सौंपा गया था और इसके बाद 26 जनवरी 1950 को इसे लागू किया गया। भारत का संविधान विश्व में सबसे व्यापक रूप लिए हुए संविधान है। संविधान को गहन अध्ययन, शोध और विद्वत्ता के बाद लिखा गया था, जो भारत जैसे विविधतापूर्ण देश में एक वास्तविक चुनौती थी। यह दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की नींव के रूप में, संविधान समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व के आधार पर अपने नागरिकों के मौलिक अधिकारों की रक्षा करता है। इस अवसर पर एएसआर आत्मप्रकाश, रीडर राजेश कुमार, कानूनगो अजय कुमार के साथ अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

**1** अधिकारियों को संविधान की प्रस्तावना की शपथ दिलाई

**2** अधिकारों की रक्षा ही संविधान की मूल भावना: एसडीएम



गोहाना। अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शपथ दिलाते हुए एसडीएम अंजलि श्रोत्रिय।

### सीआरए कॉलेज में छात्रों ने ली जन जागरुकता की शपथ



सोनीपत। सोनीपत स्थित सीआरए कॉलेज में संविधान दिवस के उपलक्ष्य में बुधवार को एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें छात्रों ने संविधान के प्रति जागरूकता और सम्मान बढ़ाने का संकल्प लिया। कॉलेज में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने संविधान के महत्व, उसके मूल सिद्धांतों और नागरिकों के अधिकार व कर्तव्यों पर अपने विचार रखे। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। परिणामों के अनुसार वंश ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, भानु द्वितीय स्थान पर रहे, जबकि ध्रुव तीसरे स्थान पर रहे। छात्रों के सारगर्भित विचारों और प्रस्तुति की सभी ने सराहना की। कार्यक्रम में राजनीति विज्ञान विभाग और एनएसएस सेल के मुख्य प्रभारी सहित सभी सदस्य उपस्थित रहे।

कांग्रेस भवन में संविधान दिवस पर आयोजित किया गया कार्यक्रम

# संविधान केवल अधिकार ही नहीं, कर्तव्य निभाने की भी प्रेरणा देता : कमल दिवान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

संविधान दिवस पर सुभाष चौक स्थित कांग्रेस भवन में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शहरी जिला अध्यक्ष कमल दिवान तथा ग्रामीण जिला अध्यक्ष संजीव दहिया ने संयुक्त रूप से की। इस अवसर पर सभी नेताओं ने संविधान की महत्ता, उसकी मूल भावना और नागरिकों के अधिकारों व कर्तव्यों पर विस्तार से अपने विचार प्रकट किए। शहरी जिला अध्यक्ष कमल दिवान ने कहा कि भारत का संविधान केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि देश की आत्मा और हर नागरिक के अधिकारों का संरक्षक है। बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर ने जो संविधान तैयार किया, उसने भारत को लोकतांत्रिक ढांचे की मजबूत नींव प्रदान की है। आज संविधान दिवस केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि देश की विविधता और एकता का उत्सव है, क्योंकि यही संविधान सभी को समान अधिकार और समान अवसर प्रदान करता है।



सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान बाबा साहेब को नमन करते हुए कांग्रेसी।

### संविधान ने हर भारतीय को आवाज उठाने का अधिकार दिया

कमल दिवान ने कहा कि संविधान हमें केवल अधिकार ही नहीं देता, बल्कि राष्ट्रहित में कर्तव्य निभाने की भी प्रेरणा देता है। नागरिक जब अपने कर्तव्यों को समझकर निभाते हैं, तभी राष्ट्र उन्नति के पथ पर अग्रसर होता है। ग्रामीण जिला अध्यक्ष संजीव दहिया ने कहा कि संविधान ने हर भारतीय को अपनी आवाज उठाने का अधिकार दिया है। सभी ने संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया और देश की एकता, अखंडता तथा लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा का संकल्प लिया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक जगबीर मलिक, पूर्व विधायक सुरेंद्र पवार, डॉ. अनिल पवार, पायल मलिक, राकेश मदन जॉनी मेहरा, राकेश सौदा प्रवक्ता, संजय बड़वासनी एमसी, जयसिंह मलिक जिला पार्षद, सुरेंद्र बैरागी, राजमल चहल, प्रेम नारायण गुप्ता, इसाक मदार, सुषमा, आशा अहलावत, सुनील कौशिक, मुकेश पन्नालाल, अंजू बाला खटक, जयवीर अंतिल, दयानंद वाल्मीकि, सरदार इंद्रपाल, प्रेम रेलन, ऋतुराज, रणदीप दहिया, बंसीलाल, कृष्ण चावला, मीना चहल व मौजूद रहे।



सोनीपत। टीकाराम महाविद्यालय में शपथ लेती छात्राएं।

## टीकाराम महाविद्यालय में शपथ ग्रहण कार्यक्रम

सोनीपत। सोनीपत के टीकाराम महाविद्यालय में मंगलवार को राजनीतिक विज्ञान विभाग और कंप्यूटर विज्ञान विभाग द्वारा संविधान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय परिसर में प्राध्यापिकाओं और छात्राओं द्वारा संविधान के प्रति समर्पित रहने की शपथ ग्रहण से हुई। उपस्थित शिक्षकों ने छात्राओं को संविधान के महत्व, उसके मूल सिद्धांतों और नागरिक कर्तव्यों के बारे में जानकारी दी।

### संविधान हमारे कर्तव्यों को निर्धारित करता

इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्या गीता ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि 26 नवंबर 1949 भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का महत्वपूर्ण दिन है, जब संविधान सभा ने डॉ. बी. आर. अंबेडकर के नेतृत्व में भारत का संविधान अपनाया था। उन्होंने बताया कि संविधान न केवल हमें बुनियादी अधिकार प्रदान करता है, बल्कि हमारी जिम्मेदारियों और कर्तव्यों को भी स्पष्ट रूप से निर्धारित करता है। यह दिवस नागरिकों को उन सिद्धांतों को संजोने की प्रेरणा देता है, जो देश को एकजुट और स्वतंत्र बनाए रखते हैं। उन्होंने छात्राओं से संविधान का सम्मान करने और समाज में इसके प्रति जागरूकता फैलाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में सीमा, डॉ. दिव्या, डॉ. पूनम और अनु उपस्थित रहीं।

## पुलिस कर्मचारियों को दिलाई सत्य एवं कर्तव्यनिष्ठा की शपथ

सोनीपत। संविधान अंगीकार के 76वां वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में हमारा संविधान - हमारा स्वाभिमान थीम के अंतर्गत नागरिकों के बीच संवैधानिक मूल्यों को बढ़ावा देने और संविधान निर्माताओं के योगदान को याद करते हुए आज पुलिस आयुक्तालय सोनीपत में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सहायक पुलिस आयुक्त मुख्यालय सोनीपत अजीत सिंह के नेतृत्व में जिले के सभी पुलिस कार्यालयों, थानों व चौकियों मे संविधान के प्रति पुलिस कर्मचारियों को सत्य एवं कर्तव्य निष्ठा की शपथ दिलाई गई। इस दौरान पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को बताया कि भारत के संविधान ने भारत को एक संप्रभु, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक, गणराज्य घोषित किया। इसने प्रत्येक भारतीय के लिए न्याय, विचार और



अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व की घोषणा की। भारत का राष्ट्रीय संविधान दुनिया के किसी भी देश द्वारा लिखा जाने वाला अब तक का सबसे लंबा संविधान है।

### एस-7 में संविधान के सिद्धांतों से कराया अवगत

सोनीपत। सरस्वती शिक्षा संस्थान सीनियर सेकेंडरी स्कूल सोनीपत (एस-7) में संविधान की प्रस्तावना दिवस बड़े हर्ष और सम्मान के साथ मनाया गया।



इस दिवस का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय संविधान,उसकी प्रस्तावना तथा उसमें निहित मूलभूत सिद्धांतों - न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुता के महत्व से अवगत कराना था। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातःकालीन सभा में संविधान की प्रस्तावना के सामूहिक पाठ से हुई, जिसमें सभी छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इसके पश्चात सामाजिक विज्ञान विभाग द्वारा संविधान के इतिहास, निर्माण प्रक्रिया, संविधान सभा के कार्य तथा डॉ. भीमराव अम्बेडकर के अमूल्य योगदान पर विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई।

### अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने ली शपथ

सोनीपत। नगराधीश डॉ. अनमोल ने बुधवार को संविधान दिवस के अवसर पर लघु सचिवालय स्थित कांफ्रेंस हॉल में विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों



को भारत के संविधान की उद्देशिका को सर्वोपरि रख कर उसकी भावना के अनुरूप काम करने की शपथ दिलाई। नगराधीश ने सभी को संविधान दिवस की बधाई देते हुए कहा कि भारत की ताकत अपने महान संविधान में निहित है। इसी के बूते भारत आज प्रभुतासंपन्न, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष और लोकतंत्रात्मक गणराज्य के तौर पर दुनिया का सबसे बड़ा व सशक्त प्रजातंत्र बना है, जो मजबूती से एकता के सूत्र में बंधा है। इस अवसर पर डीसीपी कुशल सिंह, एसीपी राजदीप मोर, डीआरओ सुशील शर्मा, तहसीलदार कीर्ति दहिया, डीडीपीओ मनीष मलिक सहित अनेक विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### न्याय के मूल्यों को आत्मसात करने का संकल्प लिया

खरखौदा। द स्टैनफोर्ड स्कूल, थाना खुर्द के विद्यालय प्रांगण में संविधान दिवस उत्साहपूर्वक और गरिमामयी वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत



विद्यार्थियों द्वारा सामूहिक रूप से 'संविधान की प्रस्तावना' पढ़कर की गई। जिसमें सभी ने एकता, समानता और न्याय के मूल्यों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। विद्यालय के अध्यक्ष उत्सव दहिया ने कहा कि संविधान केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि भारत के नागरिकों का मार्गदर्शक है। हमें इसके सिद्धांतों को जीवन में अपनाना चाहिए। विद्यालय की निदेशक पूजा उत्सव दहिया ने कहा कि संविधान हमें अधिकारों के साथ कर्तव्यों की भी सीख देता है। प्रधानाचार्य संजीत कुमार नैन ने कहा कि विद्यार्थियों को लोकतांत्रिक मूल्यों की समझ देना ही हमारा उद्देश्य है, जिससे वे जिम्मेदार नागरिक बन सकें।

### संविधान की प्रस्तावना का किया सामूहिक पाठ

गन्नौर। राष्ट्रीय एकता, कर्तव्य भावना और संवैधानिक मूल्यों को मजबूत करने के उद्देश्य से सहायक पुलिस आयुक्त ऋषिकांत ने बुधवार को अपने कार्यालय



परिसर में स्टाफ को भारत के संविधान की शपथ दिलाई। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान से हुई, जिसके बाद पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ किया और न्याय, स्वतंत्रता, समानता तथा बंधुत्व के मूल सिद्धांतों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। एसीपी ऋषिकांत ने कहा कि संविधान केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि देश की आत्मा है, जो नागरिकों को अधिकारों के साथ कर्तव्यों का भी बोध कराता है। उन्होंने बताया कि पुलिस विभाग का दायित्व कानून-व्यवस्था बनाए रखने के साथ नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करना भी है।

## शादी का झांसा देकर दुष्कर्म

खरखौदा। इंस्टाग्राम पर दोस्ती के बाद शादी का झांसा देकर एक युवती से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। दिल्ली निवासी युवती की शिकायत पर खरखौदा निवासी तनुज के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी इंस्टाग्राम के माध्यम आरोपित तनुज से जान-पहचान हुई थी। बातचीत बढ़ने पर दोनों के बीच दोस्ती हो गई। आरोपित ने पीड़िता को खरखौदा क्षेत्र में मिलने के लिए बुलाया और शादी का झांसा देकर उससे दुष्कर्म किया। आरोप है कि घटना के बाद आरोपित ने युवती से संपर्क तोड़ लिया और बात करना बंद कर दिया। इसके बाद पीड़िता ने हिम्मत दिखाते हुए पुलिस से न्याय की गुहार लगाई। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

### जानकीदास में खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित

सोनीपत। जानकीदास कपूर पब्लिक स्कूल में बुधवार को वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना से हुआ। इस अवसर पर प्रधानाचार्या डॉ. गीतांजलि ग्रोवर ने शुभकामनाएं दी।



विद्यार्थियों ने उत्साह और उत्कृष्ट खेल भावना का प्रदर्शन करते हुए अपनी खेल प्रतिभा का परिचय दिया। योगेन्द्र कुमार दहिया, सुधीर गौतम, अनिता चौहान, परिधि पाण्डेय के मार्गदर्शन में एथलेटिक्स मीट में खिलाड़ियों ने 50 मीटर रिले रेस, जंप ओवर दी ब्रिज, बाधा रेस,थ्री लेग रेस,लॉन्ग जम्प, शॉट पुट, टग ऑफ़ वार आदि में बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रधानाचार्या ने अपने वक्तव्य में कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। खेलों से खिलाड़ियों में अनुशासन आता है, उनमें आत्मविश्वास बढ़ता है, उनमें टीम भावना बढ़ती है, विद्यार्थी जीत के साथ साथ हार का सामना करना भी सीखते हैं।

## श्री गोपाल कीर्तन मंदिर में श्री राम विवाहोत्सव

- सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और भजनों से गूंजा मंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सोनीपत के श्री गोपाल कीर्तन मंदिर में फीनी देवी सूरज भान चैरिटेबल ट्रस्ट ने श्री राम विवाहोत्सव का भव्य आयोजन किया। कार्यक्रम में माता जानकी और उनकी बहनों तथा श्री राम और उनके भाईयों का आकर्षक स्वरूप प्रस्तुत किया गया। मां सरस्वती पब्लिक स्कूल दहिसरा सोनीपत के विद्यार्थियों ने सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रमों से सभी को मंत्रमुग्ध किया। कार्यक्रम में स्वामी दयानंद सरस्वती और महामंडलेश्वर सीता राम जी का आशीर्वाद प्राप्त हुआ। मुख्य अतिथि राजीव अग्रवाल ने श्री राम के आदर्शों को जीवन में अपनाने का संदेश दिया। मंच संचालन बहन डॉ. निहारिका अरोड़ा ने किया। ट्रस्ट की संरक्षिका बहन रेखा ने श्रीराम के जीवन से समरसता और सद्भाव सीखने पर बल दिया। कार्यक्रम में ट्रस्ट के अध्यक्ष पवन गर्ग, महासचिव नरेंद्र पाल शर्मा, संयुक्त सचिव डॉ. मनमोहन मिश्रा, कोषाध्यक्ष डॉ. जितेंद्र अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेंद्र कुच्छल सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### श्री सतगुरु भरतू शाह आश्रम कबीर चौरा समिति ने तय की जयंती समारोह की रूपरेखा

सोनीपत। श्री सतगुरु भरतू शाह आश्रम कबीर चौरा समिति की बैठक बुधवार को आयोजित की गई, जिसमें समिति के सभी कार्यकारिणी सदस्यों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता वर्तमान गद्दी नशीन संत सत्यदास ने की। बैठक में सतगुरु भरतू शाह जी की 135वीं जयंती को सादगी और श्रद्धा के साथ मनाने पर चर्चा की गई। सभी सदस्यों के विचार-विमर्श के बाद यह निर्णय लिया गया कि जयंती समारोह 4 दिसंबर 2025 को आयोजित किया जाएगा। समिति के प्रधान पवन सोलंकी ने बताया कि समारोह का शुभारंभ सुबह 10 बजे होगा, जिसके बाद 2 बजे तक सत्संग कार्यक्रम चलेगा। दोपहर 2 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। बैठक के दौरान कार्यक्रम की व्यवस्थाओं और तैयारियों पर भी चर्चा की गई।

कार्यक्रम | नवनियुक्त मार्केट कमेटी चैयरमैन आनंद सिंह दहिया व वाइस चेयरमैन गुलशन ठेकेदार का पदभार ग्रहण समारोह

# जनता के वोट की ताकत से बनी तीसरी बार सरकार : बड़ौली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

मार्केट कमेटी कार्यालय खरखौदा में नवनियुक्त मार्केट कमेटी चैयरमैन आनंद सिंह दहिया व वाइस चेयरमैन गुलशन ठेकेदार के पदभार ग्रहण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने कहा कि देश व प्रदेश में जनता के वोट की ताकत से तीसरी बार भाजपा की सरकार बनी है। यह केवल देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीति व सोच के आधार पर ही संभव हो पाया है। उन्होंने कहा कि 500 वर्ष के बाद अयोध्या में भगवान श्री राम के मंदिर का निर्माण कार्य पूर्ण हो पाया और जिस ध्वज की देश को वर्षों से प्रतीक्षा थी, उस ध्वज पताका को प्रधानमंत्री ने भगवान श्री राम के मंदिर पर फहराया। पूर्व की सरकारों ने अयोध्या में भगवान राम का मंदिर बनाने कभी कोशिश नहीं की थी। यह कार्य केवल प्रधानमंत्री मोदी के कारण ही संभव हो पाया है। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र में गीता की नगरी से प्रधानमंत्री ने गुरु तेग बहादुर के 350 वे बलिदान दिवस पर पहुंच कर धर्म व संस्कृति को बचाने का काम किया। औरंगजेब जैसे शासकों ने हिंदुस्तान में हिंदुओं पर अनेक अत्याचार किए थे। उनका एक ही मकसद था कि पूरे हिंदुस्तान के लोगो को मुसलमान बनाने बनाया जाए। परंतु गुरु तेग बहादुर व कुशाल सिंह दहिया जैसे महापुरुषों ने औरंगजेब के इस सपने को पूरा नहीं होने दिया। उन्होंने अपना शीश कटवाना मंजूर समझा पर उन्होंने धर्म को कभी झुकने नहीं दिया। भारतीय जनता पार्टी की सरकार में ऐसे महा पुरुषों को नमन करने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि खरखौदा मार्केट कमेटी में चैयरमैन व वाइस चेयरमैन उनके साथ कुल 19 मेंबरों की नियुक्ति की गई है। जो सभी साथ मिलकर अनाज मंडी को साफ सुथरा व सुविधा पूर्ण बनाने का काम करेंगे।



खरखौदा। अपना उद्बोधन देते मोहन लाल बडोली।

फोटो : हरिभूमि

### देश में राम राज की सरकार चल रही

विधायक पवन खरखौदा ने कहा कि 11 वर्षों से देश में राम राज की सरकार चल रही है। यह केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कारण ही संभव हो पाया है। उनका एक ही लक्ष्य है कि 2047 तक देश को एक विकसित राष्ट्र बनाना है। उन्होंने कहा कि विपक्ष के लोग वोट चोरी का आरोप लगा रहे हैं। वर्ष 2009 में प्रदेश में वोट चोरी करके ही कांग्रेस की सरकार बनी थी। अब विपक्ष वोट चोरी का आरोप लगा रहा हैं। जबकि आरोप वह उस क्षेत्र में लगा रहा हैं। जहां से उनके विधायक और सांसद जीते हुए हैं। इस मौके पर विधायक पवन खरखौदा, मेयर राजीव जैन, एसडीएम निर्मल नागर, राजबीर दहिया, सितेंद्र दहिया, सिसाना गोशाला प्रधान रणदीप दहिया, नपा चैयरमैन हीरालाल, नरेश पाराशर, रामकुमार मित्तल, बलराम कोशिक व अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।